*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## हिंदी विश्वविद्यालय की पहल पर

### न्यू आर्टस, कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

वर्धा, 14 जुलाई 2016 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की पहल पर वर्धा स्थित न्यू आर्टस,




कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया।



विश्वविद्यालय में संचालित हिंदी, मराठी, उर्दू, संस्कृत, अंग्रेजी तथा चीनी, जापानी, फ्रेंच, स्पेनिश इन



भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के पाठ्यक्रमों के बारे में वर्धा के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत




विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करने तथा उन्हें विश्वविद्यालय से जोड़ने के प्रयास को लेकर विद्यार्थियों के



साथ 'संवाद' के अंतर्गत यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का लाभ दो सौ से अधिक विद्यार्थियों ने लिया।

प्राचार्य डॉ. प्रशांत कड़वे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रा. मनीष भोयर, प्रा. लक्ष्मण जाजोदिया, प्रफुल्ल अंबोरे, दीपाली काले तथा विश्वविद्यालय के चीनी भाषा के सहायक प्रोफेसर अनिर्बाण घोष, फ्रेंच के सहायक प्रोफेसर संदीप कुमार, संस्कृत के लेखराम दन्नाना, जापानी भाषा के सन्मति जैन, अंग्रेजी की मैत्रेयी, उर्दू के डॉ. हिमांशु शेखर, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे उपस्थित थे। अध्यापकों




ने अपनी-अपनी भाषाओं में व्याप्त रोजगार की संभावनाओं पर मार्गदर्शन किया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में प्रवेश को लेकर जिज्ञासाएं व्यक्त की जिसका अध्यापकों ने समाधान किया। विद्यार्थियों को भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में रोजगार पर पीपीटी तथा फिल्म के माध्यम प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया तथा आभार प्राध्यापक मनीष भोयर ने माना।